# राशिफल वर्ष 2023

**डॉ.घनश्याम ठाकुर**

वर्ष 2023 में चार बड़े ग्रहों गुरु, शनि, राहु एवं केतु के गोचर में परिवर्तन होगा। शनि देव 17 जनवरी की रात में 430 के बाद अपनी ही दूसरी राशि कुंभ में प्रवेश करेंगे। बृहस्पति 22 अप्रैल को अपनी राशि मीन से निकलकर मंगल की राशि मेष में गोचर करेंगे।

मेष राशि करियर 2023 : इस वर्ष मेष राशि के जातकों को कैरियर के मामले में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। दरअसल, दशम भाव के स्वामी शनि जनवरी माह में कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे जोकि कॅरियर के मामले में कुछ नई उपलब्धियां और आमदनी में बढ़ोतरी का संकेत करते हैं। इधर अच्छे प्रमोशन के साथ आपको अच्छी सैलरी मिलेगी और आपको अपने खुद के कार्य पर गर्व ही होगा।

खास बात यह है कि नए क्षेत्रों में निवेश करने से आपको इस वर्ष लाभ हो सकता है, और व्यवसाय के संबंध में नए विचारों में आपकी रुचि हो सकती है। राहु और केतु का गोचर कार्यक्षेत्र में होने वाली धोखाधड़ी और परेशानियों से सावधान रहने की सलाह दी जाती है। नौकरी में पदोन्नति के योग की प्रबल संभावनाएं इस वर्ष बनने और कार्य में सक्रियता और महत्वपूर्ण निर्णय लेने का सबसे शुभ समय अप्रैल के बाद होगा,जब देवगुरू बृहस्पति आपकी राशि पर गोचर करेंगे जबकि वहीं नवंबर और दिसंबर का महीना आपकी ऊर्जा को धीमा कर सकता है।
अप्रैल से लेकर अगस्त तक की अवधि परिवारिक दृष्टिकोण से बेहतर रहने की संभावना है सितंबर से लेकर नवंबर के मध्य के बीच आपको पिता की सेहत को लेकर सावधानी बरतनी पड़ेगी विवाहित जीवन में तनाव की स्थिति बन सकती हैं इसलिए आपसी तालमेल बनाए रखने की आवश्यकता इस वर्ष भर बनी रहेगी।
स्वास्थ्य : स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से वर्ष की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी ।मानसिक रूप से आप परेशान रहेंगे लेकिन अप्रैल के बाद देवगुरू बृहस्पति का गोचर आपको स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से राहत दिलायेगा,
आर्थिक स्थिति : व्यापार या व्यवसाय साझेदारी में करने से पहले आपको अच्छी तरीके से विचार कर लेना चाहिए।
परीक्षा -प्रतियोगिता : विद्यार्थियों के लिए वर्ष की शुरुआत में आपको थोड़ा ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है साल की शुरुआत में मिले-जुले परिणाम मिलेंगे | उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने की सलाह इस वर्ष दी जाती है। उपाय इस वर्ष प्रत्येक मंगलवार को हनुमान जी का व्रत रखें। यदि व्रत रखना संभव न हो सके तो हनुमान जी की पूजा अवश्य करें। इस दौरान हनुमान चालीसा या बजरंग बाण का पाठ अवश्य करें।

वृषभ राशिफल 2023 ,वृषभ राशि के लिए करियर के दृष्टिकोण से आने वाला वर्ष काफी अच्छा रहने की उम्मीद है क्योंकि इस वर्ष के शुरूआत में शनि आपकी राशि के दशम में रहने वाले हैं , जिसके चलते आपके कार्य मेहनत का पूरा फल मिलेगा, यह वर्ष वृषभ राशि के जातकों के लिए एक अच्छा वर्ष होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि बृहस्पति अप्रैल तक आपके ग्यारहवें भाव में रहेंगे जिसके फलस्वरूप आप अपने कार्यस्थल में बहुत लाभ कमा सकते हैं। शनि भगवान इस वर्ष कार्य और व्यापार में आपके लिए काफी मददगार साबित होने वाले इस व्यावसायिक दृष्टिकोण से व्यापारियों

के लिए अच्छा रहने वाला है |परिवारिक दृष्टि से अनावश्यक खर्चे आपको परेशान करते रहेंगे। आपको अपनी संतान की ओर से कुछ चिंता हो सकती है। कुल मिलाकर पारिवारिक जीवन इस वर्ष मिलाजुला फल देगा। वर्ष की शुरुआत स्वास्थ्य की दृष्टि से सही रहेगा।अप्रैल से मई की अवधि में स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहना चाहिए| शनि की अष्टम भाव पर दृष्टि आपको अचानक कोई परेशानी दे सकती है, लेकिन आपको अनुशासित रहकर इस समस्या का भी हल निकालना पड़ेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से वर्ष के शुरूआत अच्छी रहेगी। निवेश से बचें कोई नया बिजनेस शुरू करना ठीक नहीं रहेगा लेकिन अप्रैल मध्य से आर्थिक स्थिति में सुधार के योग हैं ,इस दौरान बृहस्पति के शुभ प्रभाव से आपको कुछ राहत जरूर मिलेगी और अचानक से आपको विदेश से धन लाभ की स्थिति बनेगी। परीक्षा-प्रतियोगिता पढ़ाई पर ध्यान दें अप्रैल के पश्चात देवगुरू बृहस्पति का गोचर आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा किसी विदेशी संस्थान में दाखिला मिल सकता है उच्च शिक्षा लेने के लिए सोच रहे हैं तो आपका यह सपना इस वर्ष जरूर पूरा हो जाएगा। उपाय इस वर्ष प्रत्येक शुक्रवार के दिन छोटी कन्याओं को सफेद रंग की मिठाई, चावल की खीर, या फिर बताशे प्रसाद के रूप में बांटें।

मिथुन राशि करियर 2023 : इस साल आपको कैरियर के क्षेत्र में कई अवसर मिल सकते हैं। करियर में आपको अच्छे परिणाम मिलेगे, कई तरह के नए अवसर मिलेंगे जून महीने से लेकर नवम्बर तक सावधानी रखें। आपके अधिकारी के साथ संबंध खराब हो सकते हैं। व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े जातक इस वर्ष बड़े लाभ की उम्मीद कर सकते हैं। यह वर्ष आपके पारिवारिक जीवन बहुत बढ़िया रहेगा। काफी सुखद और खुशहाल रहेंगे। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन भी इस वर्ष संभव है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में कमी आएगी। राहु और केतु का गोचर उदर संबधी परेशानी दे सकता हैं अत नियमित रूप से चिकित्सक की सलाह लें साथ में योग व्यायाम और ध्यान भी करते रहें। आर्थिक स्थिति यह वर्ष मिथुन राशि के जातकों को मनचाहा फल देगा। राहु केतु आपको आपके आमदनी के स्रोत बढ़ाने का योग बना रहे हैं, लेकिन देवगुरू बृहस्पति आपके दशम भाव में सोच-समझ कर निर्णय लेने की आवश्यकता पर बल दे रहे हैं । कुल मिलाकर वर्ष भर आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परीक्षा-प्रतियोगिता वर्ष के आरंभ में राहू- केतु आपका ध्यान भटकाने का कार्य करेगे, इस दौरान जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई करने का सपना देख रहे हैं उनके लिए यह वर्ष विशेष फलदाई साबित होगा। दृढ़ता और कड़ी मेहनत आपको वांछित परिणाम प्रदान करेगी। नवम भाव के शनि पग पग पर आपके लिए सहायक होंगे, उच्च शिक्षा के इच्छुक छात्रों को प्रतिष्ठित कॉलेजों और संस्थानों में नौकरी मिलने की संभावना है। उपाय इस वर्ष भगवान गणपति की उपासना आपके लिए बहुत फलदायक रहेगी, गौशाला में हरे चारे का दान करना लाभकारी रहेगा।

कर्क राशिफल 2023,कर्क राशि के जातक स्वभाव से दृढ़-निश्चय वाले होते हैं। इनकी यादाश्त काफी तेज होती है। यह स्वभाव से बेहद सरल, संवेदनशील और दयालु होते हैं। करियर कार्य के हिसाब से यह वर्ष कुछ बेहतरीन होने वाला है। कार्य से संबंधित कुछ सावधानियों का समय शुरू हो जाएगा। शनि के अष्टम भैया भी यह संकेत करती है कि जल्दबाजी में कोई निर्णय न लिया जाए। नौकरीपेशा लोग अगर स्थानांतरण के प्रतीक्षा कर रहे हैं तो शनि का गोचर उनके लिए लाभदायक साबित होगा। मनपसंद जगह पर स्थानांतरण हो सकता है। परिवारिक जीवन में कुछ उथल पुथल का वातावरण बना कर रखे हुए हैं। परिवारिक मामलों में कुछ नई समस्याओं का संकेत करता है। कुछ पैतृक जो विवाद चल रहे हैं उनको सुलझाने का कार्य करने की सलाह दी जाती है और सारे ही मामले अगर शांति से

निपटाए जाएंगे तो जल्द सफलता मिलेगी। इस वर्ष स्वास्थ्य के मामले में आपको कुछ विशेष ध्यान देने की जरूरत रहेगी। योग व्यायाम नियमित रूप से करना चाहिए। आर्थिक दृष्टिकोण से यह वर्ष अच्छा रहेगा। अष्टम भाव में शनि कुछ अचानक से होने वाले धन लाभ की तरफ संकेत कर रहे हैं, वहीं कुछ पारिवारिक संपत्ति के मामले इस वर्ष निपट सकते हैं। यह वर्ष आर्थिक मामलों में अच्छा जाएगा। अगर कोई प्रॉपर्टी में निवेश करना चाहते हैं या मकान लेना चाहते हैं तो यह वर्ष आपके लिए अच्छा रहेगा। परीक्षा-प्रतियोगिता कर्क राशि के छात्रों के लिए वर्ष की शुरुआत अच्छी रहेगी ,जो छात्र विदेश में दाखिले के लिए प्रतीक्षा कर रहे थे उनका सपना इस वर्ष पूरा हो सकता है। उपाय भगवान शिव को अक्षत अर्पित करें और शिवलिंग का अभिषेक करें। मंगलवार के दिन हनुमान चालीसा का पाठ करें और हनुमान जी के मंदिर में जाकर दर्शन करें।

सिंह राशिफल 2023 : यह वर्ष करियर के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहेगा इस साल आप किसी के साथ साझेदारी में कोई नया व्यापार शुरू कर सकते हैं। इस साल आपके गुप्त शत्रु आपके सामने पूरी तरह से परास्त होंगे। नौकरी में भरपूर मान-सम्मान मिलेगा। परिवार में इस वर्ष सामंजस्य बना रहेगा तो कभी-कभी परिवार में दिक्कतों का सामना भी करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां कम रहेंगी । लेकिन अप्रैल के बाद कुछ सावधानियां आपको रखनी चाहिए जिससे की पुरानी कोई बीमारी फिर से आपको परेशान ना कर सके। आर्थिक मामलों में यह वर्ष बेहतर रहने वाला है कुछ आकस्मिक लाभ की संभावनाएं इस वर्ष बनेंगी। परीक्षा-प्रतियोगिता शिक्षा के क्षेत्र में जो जातक उच्च शिक्षा की तैयारी कर रहे हैं वह अप्रैल तक अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कम कर पाएंगे। जो जातक उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना चाहते हैं उनके लिए यह वर्ष वरदान साबित हो सकता है। उपाय नित्य सूर्य देव को जल चढ़ाएं। रविवार के दिन सूर्य देव की विशेष पूजा करें। हनुमान चालीसा का पाठ करें और गुड़ आदि का दान करें।

कन्या राशिफल 2023 करियर वर्ष के शुरुआत प्रतिस्पर्धा में आपको विजय मिलेगी। व्यापारी वर्ग के लिए वर्ष की शुरुआत बहुत बढ़िया रहेगी और आप इसको आगे बढ़ाते जाएंगे , कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। मई आपको विदेशी संपर्कों से भी लाभ होगा और व्यापार में बढ़ोतरी के योग बनेंगे। नौकरीपेशा लोगों का मनचाही जगह पर इस वर्ष स्थानांतरण हो सकता है।

परिवारिक जीवन इस वर्ष कन्या राशि के जातकों को पारिवारिक जीवन में कुछ कटुता भी दे सकता है इसलिए सामंजस्य बना कर रखना होगा। अगर कोई परिवार में कोई पुराना विवाद चल रहा है तो अप्रैल से लेकर सितंबर तक उसके हल होने की संभावना बनती है । स्वास्थ्य राशि से अष्टम भाव में गोचर कर रहे राहु कुछ अचानक से होने वाली परेशानियां दे सकते हैं इसलिए सावधान भी रहना होगा । आर्थिक स्थिति जीवन में इस वर्ष कुछ सुधार की संभावना देखी जा रही है वैसे कन्या राशि के जातकों का आमदनी का स्तर हमेशा घटता बढ़ता रहता है ।किसी पारिवारिक मामले के हल होने से आर्थिक लाभ की स्थिति नजर आ रही है। परीक्षा प्रतियोगिता इस वर्ष की शुरुआत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह शुभ सूचना होगी। जो छात्र विदेश से संबंधित शिक्षा की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए सितंबर तक का समय योगकारक साबित होगा। उपाय वर्ष की शुरुआत भगवान गणपति को दूर्वा अर्पित करके करें साथ ही आप गौशाला में हरे चारे की व्यवस्था कराएं ।

तुला राशिफल 2023 करियर इस वर्ष साझेदारी में किसी व्यवसाय को ना करने की सलाह है और अप्रैल के बाद आपके कार्य में कुछ नया होने का संकेत भी देते है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं उनके नौकरी में बदलाव लेकर आ सकते हैं। यदि आप किसी नई नौकरी की तलाश में हैं तो इस दौरान आपको नई नौकरी प्राप्त हो सकती है। यदि आप सरकारी सेवा में हैं तो इस दौरान आपका किसी बढ़िया और अच्छी जगह स्थानांतरण भी हो सकता है। परिवारिक जीवन साल मानसिक परेशानियां समाप्त हो जाएंगी। संतान के संबंध में कोई सुखद समाचार इस वर्ष मिल सकता है जो जातक संतान के इच्छुक हैं उनकी मनोकामना पूरी हो सकती है किंतु जीवन साथी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए।
स्वास्थ्य के मामले में या वर्ष कुछ बेहतर साबित होगा चली आ रही मानसिक परेशानियों से इस वर्ष छुटकारा मिलेगा। यदि उदर के रोगों से संबंधित कुछ परेशानियां हैं तो उनसे आपको इस वर्ष राहत मिलेगी। आर्थिक मामलों में यह वर्ष मिलाजुला फल देगा। यदि पीछे कहीं प्रॉपर्टी में कोई निवेश किया है तो इस वर्ष उससे लाभ मिल सकता है।जो लोग शेयर मार्केट का व्यवसाय करते हैं उनके लिए यह वर्ष अच्छा साबित होगा परीक्षा प्रतियोगिता छात्रों के लिए यह वर्ष अच्छा साबित होने वाला है। उपाय वर्ष के शुरुआत माता दुर्गा की उपासना आराधना और उनके दर्शन पूजन से करें ।

वृश्चिक राशिफल 2023 करियर वर्ष के शुरुआत से ही महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर लेने की सलाह दी जाती है। देवगुरु बृहस्पति पूरे वर्ष आपके लिए सहायक रहेंगे। पहले तो अप्रैल तक आपके पंचम भाव में और उसके बाद छठे भाव में देव गुरु बृहस्पति का गोचर व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में आपको सफलता प्रदान करेगा। नौकरी पेशा जातकों के लिए यह वर्ष उत्तम रहेगा। नई नौकरी मिल सकती है। उच्च अधिकारी का पूरा सहयोग मिलेगा। सहकर्मी आपका सहयोग करेंगे। पारिवारिक दृष्टिकोण से वर्ष के शुरुआत से शनि का गोचर चौथे घर में होने से कुछ समस्याएं रहेंगी। माता का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है उनका विशेष ध्यान रखें। कुछ जाने अनजाने शत्रु आपको परेशान करते रहेंगे अप्रैल के बाद इसमें भी राहत मिलेगी। अप्रैल के बाद देव गुरु बृहस्पति का गोचर छठे भाव में होने से स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां दूर होंगी। इस वर्ष उदर रोग से संबंधित बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं इसलिए खान-पान में विशेष ध्यान रखना चाहिए साथ ही निरंतर योगा करते रहें जिससे कोई परेशानी बड़ा रूप ना लें। आर्थिक मामलों में या वर्ष बेहतर साबित होने वाला है पूर्व में किए गए निवेश का फायदा इस वर्ष आपको मिलेगा। इस साल अचल संपत्ति में वृद्धि के योग दिखाई देते हैं और आमदनी का स्तर भी बढ़ने के योग नजर आ रहे हैं किंतु कहीं पर भी नया निवेश सोच समझकर ही करें अन्यथा हानि हो सकती है। परीक्षा-प्रतियोगिता शिक्षा के क्षेत्र में इस वर्ष छात्रों के लिए अच्छा वर्ष साबित होगा। अगर किसी बड़े संस्थान में दाखिले का मन बना रहे हैं तो अप्रैल के पूर्व आपकी इच्छा पूरी हो सकती है। आपको अपनी पढ़ाई में अधिक मेहनत करने की आवश्यकता होगी और अनावश्यक कार्यों में समय कम बिताने की सलाह दी जाती है। उपाय वर्ष के शुरुआत श्री हनुमान जी के पूजा दर्शन से करें और मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा का पाठ वर्ष भर करते हैं , शनिवार को सरसों के तेल का दीपक पीपल के पेड़ के नीचे में जलाएं।

धनु राशिफल 2023 करियर वर्ष के शुरुआत में ही शनि की साढ़ेसाती से छुटकारा मिलेगा एक सुखद संकेत है। नया वर्ष नई उपलब्धि, नई उम्मीदों के लिए जाना जाएगा। इस वर्ष आपको कार्य क्षेत्र में भरपूर सफलता मिलेगी इस वर्ष

आपको करियर के कई अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आपकी राशि के स्वामी बृहस्पति अप्रैल तक कोई बड़ा कार्य होने का संकेत दे रहे हैं। अप्रैल के पश्चात् बृहस्पति का गोचर मेष राशि में होने से आपको व्यापारिक मामलों में आशातीत सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन धनु राशि वालों को परिवारिक जीवन इस वर्ष अच्छा रहेगा। परिवार में कोई मांगलिक कार्य होने के प्रबल संकेत मिलते हैं। माता-पिता की सेहत को लेकर जो चिंताएं चल रही थी वह इस वर्ष दूर होंगी। स्वास्थ्य इस वर्ष स्वास्थ्य जीवन के लिए बहुत ही बढ़िया रहने का अनुमान है। प्रतियोगिता शिक्षा के क्षेत्र में धनु राशि के जातकों को अतिरिक्त मेहनत करने की आवश्यकता रहेगी। एकाग्रता को भंग ना होने दें। किसी उच्च संस्थानों में दाखिले का सपना इस वर्ष पूरा हो सकता है। उपाय वर्ष के शुरूआत भगवान विष्णु को पीले पुष्पों की माला पहनाकर करें और हर गुरुवार को गाय को हरा चारा गुड़ चना आदि खिलाते रहे। घर से दूर किसी पार्क या मंदिर में पीपल का पेड़ लगाएं और हर बृहस्पतिवार को उसकी पूजा करें।

मकर राशिफल 2023 करियर वर्ष की शुरुआत साढ़ेसाती के अंतिम चरण से हो रही है। यह वर्ष व्यापारी वर्ग के लिए शुभ रहेगा। आपके व्यापार से उत्तम लाभ होगा, जितना निवेश करेंगे, उतना लाभ होगा। आपकी नौकरी और व्यापार में कुछ बदलाव हैं | पारिवारिक जीवन साल की शुरुआत में परिवारिक जीवन में परेशानियां मिल सकती है। इस दौरान आपकी माता को स्वास्थ्य कष्ट संभव है ऐसे में आपको भी मानसिक चिंताएं परेशान करेंगी। इस वर्ष माता को कोई धार्मिक यात्रा करवा सकते हैं या आपके भाग्य वृद्धि में भी सहायक होगा। स्वास्थ्य जो मानसिक परेशानियां पिछले वर्ष थी इस वर्ष उनसे छुटकारा मिलेगा।उचित आहार और पर्याप्त नींद लेना फायदेमंद होगा। मई में वाहन सावधानी से चलाएं क्योंकि तेज गति से दुर्घटना हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हैं तो बड़ी बीमारियों से निजात मिलेगी। आर्थिक स्थिति शनि आपके दूसरे भाव में गोचर करेंगे और आपकी वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाएंगे। आर्थिक लाभ होगा,संपत्ति की खरीद और बिक्री से लाभ होगा। कोई भी कार्य साझेदारी में ना करें यह आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। परीक्षा-प्रतियोगिता छात्रों के लिए यह वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा श्रेष्ठ साबित हो सकता है लेकिन अच्छी सफलता के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत होगी।

कुंभ राशिफल 2023 करियर इस वर्ष कुंभ राशि के जातकों की आय में इजाफा हो सकता है। आप अनुशासित होकर अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नए व्यापारिक समझौते होंगे। नए लोगों से मुलाकात होगी,जो आपके व्यापार को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। जो लोग नौकरी से जुड़े हैं,उनको पदोन्नति मिलने में बाधाएं और समस्यां आएंगी। आपको अपनी नौकरी में शांत और ठन्डे दिमाग से धीरे-धीरे आगे बढ़ना होगा। व्यवसायियों को अपेक्षित लाभ मिल सकता है। आपको काम के क्षेत्र में अपने साथी और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन वर्ष की शुरुआत में आपके परिवार में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहेगा क्योंकि सदस्यों में एक-दूसरे के प्रति समर्पण की भावना जन्म लेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि । इस वर्ष की शुरुआत संतान के लिए शुभ है ,आपके बच्चे अपने समर्पित कार्य के बल पर सफलता की सीढ़ी चढ़ेंगे। जीवन साथी के साथ संबंधों में तालमेल बनाए रखना आवश्यक होगा। पिता के स्वास्थ्य को लेकर भी सचेत रहें उन्हें कुछ स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां मिल सकती हैं। स्वास्थ्य को लेकर कुछ मानसिक परेशानियां इस वर्ष रहेंगी। एलर्जी अस्थमा के रोगी विशेष रूप से ध्यान रखें। सेहत को सकारात्मक बनाए रखने के लिए निरंतर योगाभ्यास करें और अपने सोच को सकारात्मक दिशा में लगाएं । आर्थिक दृष्टिकोण से यह वर्ष

पिछले वर्ष की अपेक्षा अच्छा साबित होगा। अप्रैल के बाद आमदनी में कुछ अतिरिक्त बढ़ोतरी हो सकती है। कुछ पारिवारिक संपत्ति से भी धन लाभ के योग बनेंगे। परीक्षा-प्रतियोगिता छात्रों के लिए यह वर्ष विशेष रूप से कुछ अधिक परिश्रम करने वाला साबित होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए इस वर्ष सफलता की संभावनाएं बनेंगी किंतु परिश्रम अधिक करना होगा। उपाय शनिवार के दिन सरसों के तेल का दीपक शनि मंदिर या पीपल के पेड़ पर नियमित रूप से जलाते रहें। शनिवार के दिन चीटियों को मीठा आटा डालने से भी आपकी समस्याएं दूर होंगी शनिवार और मंगलवार को सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ यदि संभव हो तो अवश्य करें।

मीन राशिफल 2023 करियर इस वर्ष करियर के मामले में सुखद परिणाम प्राप्त होने के अवसर मिलेंगे। इसके पश्चात कुछ व्यवसायिक परेशानियां आ सकती हैं, जो लोग विदेश से संबंधित व्यवसाय कर रहे हैं उनके लिए यह वर्ष लाभदायक साबित होगा। शनि का गोचर आपकी राशि से बारहवें भाव में विदेश से संबंधित कुछ अच्छे लाभ करा सकता है।लेकिन सावधानी रखनी होगी अन्यथा नुकसान भी हो सकता है। नौकरी पेशा लोग इस वर्ष अगर नौकरी बदलने के लिए प्रयासरत् हैं उन्हें सफलता मिल सकती है लेकिन यह समय अप्रैल तक ही अच्छा रहेगा।

पारिवारिक जीवन वर्ष की शुरुआत से अप्रैल तक परिवारिक जीवन शांतिप्रिय बना रहेगा कुछ पारिवारिक संपत्ति के मामले में विवाद भी हो सकते हैं। अप्रैल के बाद यह विवाद सुलझने की संभावना बनेगी। परिवारिक मामलों में कोई भी निर्णय सोच-समझ कर लें अन्यथा मानसिक अशांति का कारण बनेगा | स्वास्थ्य अप्रैल के बाद कुछ स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां आपको हो सकती हैं। उदर रोग छाती से संबंधित रोग और दांतो से संबंधित परेशानी हो सकती है। निरंतर योगाभ्यास और खानपान को नियमित रखें जिससे परेशानी से बचे रहेंगे। कुल मिलाकर स्वास्थ्य के मामले में या वर्ष मिला-जुला फल देगा। आर्थिक मामलों में अप्रैल तक का समय खर्चे वाला साबित होगा। शनि का बारहवें भाव में गोचर वैसे तो कुछ अनावश्यक खर्च का संकेत नहीं करता ,लेकिन फिर भी कुछ खर्चे बने रहेंगे जो आपके बजट को बिगाड़ सकते हैं। कहीं पर कोई भी निवेश सोच-समझकर करें अन्यथा इस वर्ष नुकसान उठाना पड़ सकता है। परीक्षा-प्रतियोगिता छात्रों के लिए यह साल अच्छा रहेगा अगर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो अप्रैल तक कोई सुखद परिणाम मिलेगा। पढ़ाई में परिश्रम अधिक करना होगा। किंतु परिश्रम का पूरा परिणाम आपको इस वर्ष मिलेगा। उपाय बृहस्पतिवार के दिन केले के पेड़ में पानी में गुड़ डालकर जल डाले तथा उनका पूजन करें। शनिवार को पीपल के पेड़ में सरसों के तेल का दीपक जलाएं।